**खबर संक्षेप**

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, महिलाएं भी घायल

**सतना।** उचेहरा थाना और परसमनिया चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुढ़ा में रविवार दोपहर जमीनी रंजिश के चलते साहू समाज के दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चल गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दबंगों ने उनके घर की महिलाओं को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी जमकर मारपीट की। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष के कमलेश साहू, प्रदीप साहू,छोटू साहू,कलावती साहू और चंद्रवती साहू गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी पीड़ितों ने परसमनिया चौकी और उचेहरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है,जिसके बाद पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। फरियादियों ने दूसरे पक्ष के राजेश साहू,रमेश,उमेश,महेश,कपिल,अखिल, शिवम,पुष्पेंद्र,राजू और एक अन्य पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही,सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस घटना के एक वीडियो की भी सत्यता जांची जा रही है।

### इंस्टाग्राम पर हुआ प्यार, अब ससुराल में तकरार

**सतना।** उचेहरा में सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ प्यार शादी के महज पांच महीने बाद ही एक युवती के लिए दुःस्वप्न बन गया है। मैहर मंदिर में लव मैरिज करने के बाद,पीड़िता अनीता कुशवाहा को अब अपने ही ससुराल में प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही उसके सास-ससुर उसे जाति सूचक शब्द कहकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उनके द्वारा रुपयों की मांग की जा रही है और पीड़िता के चरित्र पर भी झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस मुश्किल घड़ी में उसका पति जितेंद्र कुशवाहा भी उसका साथ नहीं दे रहा है। पीड़िता के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया गया,जिसके कारण उसे रात घर के बाहर गुजारनी पड़ी। लाचार पत्नी पुलिस से अब इंसाफ की गुहार लगा रही है और अपने पति के साथ ही रहना चाहती है।

### आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित

**सतना।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष शिविर 13जुलाई से 15जुलाई 2026 तक संजीवनी हॉस्पिटल,पतेरी सतना में आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे,जिससे वे भविष्य में योजना के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सहायक श्रमायुक्त ने संजीवनी हॉस्पिटल महादेवा एवं आसपास के क्षेत्रों में निवासरत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर में उपस्थित होकर अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में डीसीएचबी 2027 पर हुआ गहन प्रशिक्षण

**सतना।** कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) के संबंध में आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# रेल मंत्री के दौरे से पहले तैयारियों का जायजा लेने सतना पहुंचे पमरे महाप्रबंधक

## निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण,लंबित परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

सतना।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों के बीच सोमवार को पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के महाप्रबंधक(जीएम) दिलीप कुमार सिंह विशेष ट्रेन से सुबह करीब 10:30 बजे सतना पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद गणेश सिंह की गरिमामयी मौजूदगी में निर्माणाधीन सतना रेलवे स्टेशन का सघन निरीक्षण किया और वहां चल रहे आधुनिकीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान महा प्रबंधक ने उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जीएम दिलीप कुमार सिंह ने सांसद गणेश सिंह,जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति,मंडल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्यों तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में क्षेत्र की लंबे समय से लंबित रेल परियोजनाओं,यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। इन प्रमुख मुद्दों और समस्याओं पर हुआ विचार-विमर्श



### स्टेशन आधुनिकीकरण व माल गोदाम शिफ्टिंग:

सतना रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के साथ-साथ कैमा रेलवे स्टेशन के विकास और वहां प्रस्तावित रेल माल गोदाम (गुड्स शेड) के स्थानांतरण पर बात हुई। मुख्त्यारगंज,बिरहुली और सगमा में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। मारुति नगर से बिरला फैक्ट्री जाने वाली रेलवे लाइन को कैमा की ओर शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। रेलवे स्टेशन की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ-साथ अमदरा,लगरगवां,तुर्की,मझगवां और उचेहरा क्षेत्र से जुड़ी रेल समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

### नई रेल लाइन का लोकार्पण

सतना-नागौद-देवेंद्रनगर नई रेल लाइन के लोकार्पण के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में रेल अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से सभी को अवगत कराया,जिस पर जीएम ने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में विवेक अग्रवाल,सतीश सुखेजा,रविंद्र सिंह सेठी सदस्य संदीप जैन, केशव बंसल,के.एल.पोहानी,चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री मनोज कटारे,संजय अग्रवाल,जय अग्रवाल सहित रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड में फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) में तीन दिवसीय फर्स्ट एड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13.07.2026 से 15.07.2026 तक 03 बैचों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम-सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी,रीवा से डॉ.आनंद महिन्द्रा, डॉ.सुरेन्द्र सिंह,विजय तिवारी एवं जगजीवन पाण्डेय प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से दिनेश अग्रवाल,प्रवीण श्रीवास्तव,ओम प्रकाश वर्मा,अनुज भूतड़ा एवं राजेश कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रशिक्षकों का स्वागत एवं सम्मान किया।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने फर्स्ट एड प्रशिक्षण के महत्व तथा कार्यस्थल पर इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मनीष कुमार सिंह (प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड) तथा डॉ.मनीष कुमार सिन्हा(हेड-एचआरएम एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड हेड-कॉर्पोरेट एचआर) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन कल किया जाएगा ।

## नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा








### 'मेल' बच्चे को पर्चे पर लिखा 'फीमेल', एक्सपायरी दवाइयां देने और बच्चा बदलने की कोशिश का आरोप

**सतना।** सार्थक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक नवजात शिशु की मौत का बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही और एक्सपायरी डेट के इंजेक्शन व दवाइयों के ओवरडोज के कारण उनके दो दिन के मासूम बच्चे की जान चली गई। घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार सदमे में है और इंसाफ के लिए दवाइयों का बॉक्स लेकर सिविल लाइन थाने पहुंच गया।

### दो दिन के बच्चे को बताया एक माह का,कागजों में बदला जेंडर

मृतक बच्चे के पिता और परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन इलाज को लेकर शुरुआत से ही गंभीर नहीं था। अस्पताल की पर्ची पर दो दिन के 'मेल' (बालक) बच्चे की आयु एक महीना दर्ज कर दी गई और उसे 'फीमेल' (बालिका) लिख दिया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने न सिर्फ जेंडर और उम्र में गड़बड़ी की,बल्कि बच्चे को बदलने का प्रयास भी किया गया।

### एक्सपायरी दवाओं का बॉक्स छिपा रहा था स्टाफ,परिजनों ने छीना

परिजनों ने आरोप लगाया कि मोटी रकम वसूलने के फेर में बच्चे की जान के साथ खिलवाड़ किया गया। बच्चे की हालत बिगड़ने पर जब उन्हें शक हुआ,तो उन्होंने देखा कि मासूम को एक्सपायरी डेट की दवाइयां और इंजेक्शन दिए जा रहे थे। परिजनों के अनुसार,जब अस्पताल प्रबंधन को अपनी गलती का अहसास हुआ,तो वे साक्ष्य मिटाने के लिए एक्सपायरी दवाओं से भरा बॉक्स छिपाकर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच परिजनों ने मुस्तैदी दिखाते हुए वह बॉक्स उनसे छीन लिया। अस्पताल परिसर से भारी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां मिलने का दावा किया जा रहा है।

### मामला दर्ज कराने थाने पहुंचे परिजन, निष्पक्ष जांच की मांग

नवजात की मौत के बाद गुस्साए परिजन दवाइयों का वही बॉक्स लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों और प्रबंधन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी,वे पीछे नहीं हटेंगे। इधर,पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।पुलिस प्रशासन का कहना है कि दवाइयों के सैंपल और अस्पताल के रिकॉर्ड की जांच के बाद दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना का लाभ पहुंचायें राजस्व की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की नियमित समीक्षा करें एसडीएम

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रमिकों को कर्मकार कल्याण मंडल की पीएम श्रम योगी मानधन योजना और बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में राजस्व विभाग की लंबित शिकायतों के लिए सभी एसडीएम को पटवारियों की बैठक में नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा घाटी विकास,राष्ट्रीय राजमार्ग,पावर ट्रांसमिशन,जल निगम,पीएचई, पी आई यू की विकास योजनाओं की समीक्षा और समन्वय के मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,एसडीएम जितेंद्र वर्मा,सुमेश द्विवेदी,सुभाष मिश्रा,एलआर जांगड़े डिप्टी,कलेक्टर संदीप परस्ते सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सीईओ जनपद,नगरीय निकाय के सीएमओ,श्रम विभाग तथा स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए महत्वपूर्ण पेंशन योजना,पीएम श्री योगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कराये।उन्होंने कहा कि श्रमिक कल्याण के लिए संचालित कर्मकार मंडल की कल्याणकारी योजनाओं सहित बीमा योजनाओं का लाभ भी इन हितग्राहियों को दिलाये। आयुष्मान कार्ड तैयार करने और वय वंदन योजना के तहत 70वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण,स्वास्थ्य विभाग में बीएमओ उचेहरा,मझगवां,सहायक श्रम आयुक्त सतना को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की तहसीलवार समीक्षा में सतना शहरी तहसील की कमजोर प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम सप्ताह में एक दिन पटवारियों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री,नामांतरण,सीमांकन,बंटवारा सहित राजस्व की सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि कार्य में रुचि नहीं लेने वाले और कमजोर प्रगति वाले पटवारियों पर कार्यवाही भी करें।कलेक्टर ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण समिति की बैठक गुरुवार को जिला स्तर पर होगी।इसके साथ ही खंड स्तरीय समितियों की बैठक संपन्न कराये। उन्होंने कहा कि अगली टीएल बैठक में बैंक सहायित हितग्राही मूलक योजनाओ की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर 25 जुलाई तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



## पानी के प्लॉट में करंट उतरने से 21 वर्षीय युवक की मौत

**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ पानी के एक प्लॉट में अचानक करंट उतर आने के कारण एक 21 वर्षीय युवक की असमय और दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान अनुज सोंधिया उम्र 21वर्ष पिता रामकिशोर सोंधिया के रूप में हुई है,जो सतना के नई बस्ती इलाके का निवासी था। घटना के समय युवक पानी के प्लॉट के पास मौजूद था,तभी अचानक वहाँ फैले करंट की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उसे बचाने का प्रयास किया,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की बारीक जांच शुरू कर दी है कि करंट आखिर किस लापरवाही की वजह से फैला था।

## सांसद गणेश सिंह ने महाप्रबंधक के साथ सतना स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों, कैमा मालगोदाम का किया निरीक्षण

### महाप्रबंधक ने नई रेललाइन सतना–देवेन्द्रनगर रेलखण्ड के बीच विस्तृत निरीक्षण अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों की प्रगति का लिया जायजा, गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर दिया विशेष बल

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने सतना निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सतना रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों, कैमा मालगोदाम तथा ललितपुर–सिंगरौली नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत सतना–देवेन्द्रनगर रेलखण्ड का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सांसद गणेश सिंह से सौजन्य भेंट

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सतना लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री गणेश सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर स्टेशन विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र की रेल आवश्यकताओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सांसद द्वारा दिए गए सुझावों का महाप्रबंधक ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों का निरीक्षण



महाप्रबंधक एवं माननीय सांसद ने संयुक्त रूप से सतना रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित अधोसंरचना विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधाओं एवं सुरक्षित आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

### कैमा स्टेशन एवं मालगोदाम का निरीक्षण

निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय सांसद एवं महाप्रबंधक कैमा रेलवे स्टेशन भी पहुंचे, जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं एवं माल यातायात से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके उपरांत कैमा मालगोदाम का निरीक्षण कर माल लदान एवं परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की तथा परिचालन को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सतना–देवेन्द्रनगर रेलखण्ड की तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा

महाप्रबंधक ने ललितपुर–सिंगरौली नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत सतना–देवेन्द्रनगर रेलखण्ड का निरीक्षण करते हुए रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली तथा ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, जिससे भविष्य में ट्रेनों का परिचालन सुरक्षित, सुचारु एवं निर्बाध रूप से सुनिश्चित हो सके।

### गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता पर विशेष जोर

निरीक्षण के समापन पर महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह ने जबलपुर मंडल में संचालित विकास कार्यों, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा अनुरक्षण प्रणाली की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूर्ण किया जाए, ताकि यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**नाम सुधार सूचना**

मैं, दीपिका फेरवानी (Deepika Ferwani), उम्र 40 वर्ष, निवासी कृष्ण नगर, सतना, तहसील रघुराज नगर, जिला सतना (म.प्र.), सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरी पुत्री श्रेया फेरवानी ने लवडेल स्कूल, बगहा, सतना से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की है। उसकी अंकसूची (Marksheet) में माता के नाम के स्थान पर "Deepika Pherwani" अंकित हो गया है, जो कि त्रुटिवश गलत है। मेरा सही नाम "Deepika Ferwani" है, जो मेरे आधार कार्ड क्रमांक 211757926414 में दर्ज है। अतः मेरी पुत्री श्रेया फेरवानी की अंकसूची में माता का नाम "Deepika' Ferwani" दर्ज किया जाए तथा भविष्य में उसी नाम को सही एवं मान्य माना जाए।

दिनांक :

स्थान : सतना (म.प्र.)

**खबर संक्षेप**

## पेंशन के लिए पांच माह से भटक रहा सेवानिवृत्त शिक्षक, परिवार पर भरण-पोषण का संकट



**पन्ना।** जिले के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों को समय से पेंशन मिलना उनका कानूनी अधिकार है। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की उदासीनता के कारण एक शिक्षक दाने-दाने को मोहताज है। बच्चों का भविष्य संवारने वाले शिक्षक खुद अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय, कुड़ार संकुल केन्द्र मनहर पन्ना में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत रहे मुन्ना लाल मिश्रा 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे। नियमानुसार सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद पेंशन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए थी, लेकिन आज लगभग पांच महीने बीत जाने के बाद भी उनकी पेंशन शुरू नहीं हो सकी है। पेंशन न मिलने के कारण मुन्ना लाल मिश्रा का पूरा परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि उनकी वृद्ध माता जी की दवाइयां और इलाज पैसों के अभाव में पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जीवन भर समाज को शिक्षित करने वाले शिक्षक के सामने आज अपनी बुजुर्ग मां के इलाज के लिए संकट खड़ा हो गया है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग तथा प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है पीड़ति शिक्षक के परिजनों का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। महीनों से फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल पर घूम रही हैं, लेकिन इस मानवीय समस्या पर किसी भी जिम्मेदार का दिल नहीं पसीज रहा है। एक तरफ सरकार बुजुर्गों और कर्मचारियों के सम्मान की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रताड़ति होना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्ध वर्ग ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल पेंशन चालू की जाए, ताकि पीड़ति परिवार को इस मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

## शराब का अड्डा बनीं बेनी सागर की चौपाटी



**पन्ना।** नगर को जब से पवित्र नगर घोषित किया गया है तथा नगर की शराब दुकानें नगर के बाहर की गई है तब से और अधिक शराब की अवैध बिक्री जोरों पर चल रही हैं गली-गली मोहल्ला मोहल्ला में शराब लोगों को उपलब्ध हो रही है मोबाइल पर एवं होम डिलीवरी के रूप में अवैध शराब लोगों को मिल रही है अब सरेआम शराबी दिनदहाड़े गली मोहल्ले में बैठकर शराब पी रहे हैं नगर पालिका द्वारा बेनी सागर तालाब को खूबसूरत एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से एक करोड़ 36 लाख की राशि से निर्माण कार्य जा रहा है लेकिन उक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही नगर पालिका द्वारा बनाई गई दीवार के ऊपर बैठकर शराबी सरे आम शराब के जाम छलका रहे हैं।

# लंबित मांगों को लेकर पटवारी संघ का प्रदर्शन अपर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर सोमवार, 13 जुलाई 2026 को जिला शाखा पन्ना द्वारा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष विमल यादव एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर मधुवंत राव धुर्वे को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से पटवारी संवर्ग की लंबित पदोन्नति, कैडर रिव्यू, जज प्रोटेक्शन एक्ट में शामिल किए जाने तथा समयमान वेतनमान की विसंगति दूर करने सहित विभिन्न मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पटवारी राजस्व विभाग की रीढ़ हैं और शासन की योजनाओं एवं नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद पटवारी संवर्ग की कई महत्वपूर्ण समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संघ ने मांग की कि पटवारियों की पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए, गोपनीय चरित्रावली (सीआर) समय पर संकलित कर पदोन्नति के लिए निश्चित समय-सीमा तय की जाए।



साथ ही लंबे समय से लंबित कैडर रिव्यू लागू करते हुए 6 वर्ष की सेवा पर सीनियर पटवारी, 14 वर्ष पर सेक्टर पटवारी तथा 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर सीनियर सेक्टर पटवारी का पद एवं निर्धारित ग्रेड पे प्रदान किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि नामांतरण, वसीयत एवं अन्य राजस्व प्रकरणों में केवल प्रतिवेदनकर्ता होने के बावजूद पटवारियों के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज होने की स्थिति को देखते हुए उन्हें भी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की भांति जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किया जाए। इसके अलावा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर समयमान वेतनमान में 2400 ग्रेड पे के स्थान पर 2800 ग्रेड पे प्रदान कर वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी रखी गई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह राजपूत, जिला सचिव रेवती रमण मिश्रा, वीरेंद्र त्रिपाठी, रामवरन पटेल, सत्यकांत शुक्ला, कोमलजीत सिंह, शिल्पी बाजपेई, दीपशिखा जड़यिा, संजय प्रजापति, रघुनाथ प्रसाद अहिरवार, दीपक सिंह ठाकुर, फेरन सिंह यादव, घनश्याम पटेल, मुकेश पटेल, प्रतुल्ल मिश्रा, देववती गुप्ता, अंकित श्रीवास्तव, राम मिलन प्रजापति, रामराजा पटेल, नरेंद्र सिंह, नंद किशोर, अनुपम मयंक, देवव्रत वर्मा, मुकुंद सिंह, संजय अहिरवार, संतोष नेक्या, अर्जुन सिंह सहित बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

## अवैध रेत परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, बालू से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**अजयगढ़।** वन विभाग अजयगढ़ ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धवारी बीट के कक्ष क्रमांक पी-190 स्थित बजरंग पुल नाला से बालू से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जुलाई 2026 को धवारी बीट क्षेत्र में गश्त के दौरान विभागीय अमले ने कुछ लोगों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए देखा। वन अमले को मौके पर पहुंचता देख संबंधित व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद विभाग ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई की। बताया गया कि जब वन विभाग की टीम जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को कार्यालय अजयगढ़ लेकर आ रही थी, तभी रास्ते में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने वाहन को छुड़ाने का प्रयास किया। हालांकि वन अमले ने सतर्कता और मुस्तैदी दिखाते हुए वाहन को सुरक्षित कार्यालय पहुंचाया तथा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की। इस मामले में वन अपराध क्रमांक 25871/6, दिनांक 13 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। कार्रवाई का नेतृत्व प्रभारी परिक्षेत्र सहायक अजयगढ़ ओमकार नाथ मिश्रा ने किया। इस दौरान अजयगढ़ रेंजर अजय बाजपेई के निर्देशन में प्रतीक तिवारी, अनिल राजपूत, अंकुर खरे, शिवप्रसाद गुप्ता, वन रक्षक, सुरक्षा श्रमिक एवं अन्य वन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अमानगंज अस्पताल की बदहाली पर कांग्रेस का बड़ा हमला, 14 जुलाई को कांग्रेस करेगी प्रदर्शन, गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक निकाली जाएगी यात्रा

**अमानगंज।** नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कथित बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। थाना परिसर के सामने स्थित जटाशंकर रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने संयुक्त रूप से सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि अमानगंज का सरकारी अस्पताल आम लोगों को बेहतर इलाज देने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम भगत सोनी, धूराम चौधरी सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल में वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। 108 एंबुलेंस सेवा, शव वाहन, विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना था कि गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना या अन्य स्थानों के लिए रेफर कर दिया जाता है, जिससे कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष वसीम




खान ने आरोप लगाया कि अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से स्थापित एक्स-रे मशीन होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण उसका समुचित लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं होने से सामान्य फ्रैक्चर के मरीजों तक को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। वहीं प्रसव पीड़ा से अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को भी पर्याप्त सुविधाएं न मिलने के कारण रेफर किए जाने का आरोप लगाया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ दुबे ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होते ही क्षेत्र में जहरीले सांपों के काटने और आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ जाती हैं, लेकिन अस्पताल में एंटी-स्नेक वेनम और एंटी-रेबीज जैसी जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता पर भी गंभीर सवाल खड़े हैं। उनका कहना था कि ग्रामीण अंचल की बड़ी आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन यहां आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं तक सुनिश्चित नहीं हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायतों और मांगों के बावजूद व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ, जिसके चलते अब जनता की आवाज बुलंद करने के लिए सड़क पर उतरना मजबूरी बन गई है। इसी क्रम में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमानगंज के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई को दोपहर 3 बजे गांधी चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार इस आंदोलन में जिला कांग्रेस प्रभारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र की जनता से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि अमानगंज की जनता के बेहतर स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर, एंबुलेंस, शव वाहन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

## बाइक के पहिए में फंसी साड़ी, दवा लेने जा रही बुजुर्ग महिला सड़क पर गिरी

### पन्ना जिले में दवा लेने जा रही 65 वर्षीय बृज रानी आदिवासी की साड़ी का पल्लू चलती बाइक के पहिए में फंस गया

**पन्ना।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्राम पाठा निवासी बृज रानी आदिवासी अपने नाती के साथ बाइक पर सवार होकर खुजली की दवा लेने रक्सेहा जा रही थीं। रास्ते में बुलखुरा के पास उनकी साड़ी का पल्लू अचानक बाइक के पहिए में फंस गया। इससे तेज झटका लगा और महिला चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ीं। जानकारी के अनुसार, ग्राम पाठा निवासी 65 वर्षीय बृज रानी आदिवासी, पति निर्भय सिंह, अपने नाती विक्रम के साथ बाइक से रक्सेहा जा रही थीं। बुलखुरा के समीप पहुंचते ही उनकी साड़ी का हिस्सा बाइक के



पहिए में उलझ गया। साड़ी फंसते ही महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके सिर, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला की सहायता की। स्थानीय लोगों की मदद से बृज रानी आदिवासी को तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना ले जाया गया। अस्पताल में उनका उपचार जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। इस दुर्घटना के दौरान राहत की बात यह रही कि बाइक का संतुलन पूरी तरह नहीं बिगड़ा और वह अनियंत्रित होकर नहीं पलटी। यदि बाइक पलट जाती तो उसे चला रहे नाती विक्रम भी गंभीर हादसे का शिकार हो सकते थे। फिलहाल महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि घटना के बाद क्षेत्र में इस हादसे की चर्चा बनी हुई है। यह घटना दोपहिया वाहन पर यात्रा करते समय ढीले कपड़ों और विशेष रूप से साड़ी पहनने के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता की भी याद दिलाती है।

## ट्रैक्टर से जुताई-बुवाई को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दो घायल

**पवई-** खरीफ सीजन में खेती-किसानी के कार्यों के बीच खेत की जुताई और बुवाई के लिए ट्रैक्टर लगाने को लेकर मोहंद्रा चौकी क्षेत्र के ग्राम पड़वार में रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी





हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार विवाद दूसरे व्यक्ति के ट्रैक्टर से खेत की जुताई एवं बुवाई कराने को लेकर शुरू हुआ था। दोनों पक्षों के बीच पहले बहस हुई, लेकिन कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हुआ। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। घटना के दौरान ग्रामीणों ने बीच-बचाव का प्रयास किया, जिसके बाद मामला शांत हो सका। मारपीट में जवाहर प्रजापति पिता झगडुआ प्रजापति (45 वर्ष) एवं हकोला प्रजापति पिता लंपा प्रजापति (70 वर्ष) घायल हो गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार करने के साथ मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) किया। उपचार के बाद दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मोहंद्रा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मारपीट के संबंध में जानकारी जुटाई। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर एक-दूसरे के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया गया है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## 7 वर्षीय मासूम ने दिखाई बहादुरी, छोटे भाई को पागल कुत्ते से बचाने के लिए खुद भिड़ा, जिला अस्पताल में इलाज जारी

**पन्ना।** जिले के देवगांव में भाईचारे की मिसाल पेश करने वाली एक घटना सामने आई है। महज सात साल के राज सिंगरौल ने अपने चार साल के छोटे भाई अनुराग की जान बचाने के लिए पागल कुत्ते से भिड़कर बहादुरी दिखाई। हमले में राज गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन उसने अपने छोटे भाई को सुरक्षित बचा लिया। घटना उस समय की है, जब दोनों भाई शौच के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने छोटे भाई अनुराग पर हमला कर दिया। भाई को खतरे में देख राज बिना डरे कुत्ते के सामने खड़ा हो गया और उससे भिड़ गया।कुत्ता वहां से भाग गया हमले के दौरान कुत्ते ने राज के दोनों गाल, हाथ और पैरों को बुरी तरह काट लिया। वह लहूलुहान हो गया, लेकिन उसने छोटे भाई की ओर कुत्ते को बढ़ने नहीं दिया। दोनों भाइयों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कुत्ता वहां से भाग गया। घटना के बाद दोनों भाइयों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पन्ना में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। राज की बहादुरी की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। ग्रामीणों ने उसकी हिम्मत और भाई के प्रति उसके समर्पण की सराहना की है।

## जनकपुर में नगर कांग्रेस ने चौपाल लगाकर वार्डवासियों की जानीं समस्यायें

**पन्ना।**

नगर पालिका परिषद पन्ना के परिसीमन में शामिल किए गए नए वार्ड क्रमांक 28 जनकपुर के श्री जगदीश स्वामी मंदिर के समीप नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी के संयोजन में चौपाल लगाई गई और वहां पर मौजूद वार्डवासियों से उनकी समस्यायें सुनीं गईं। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनीस खान सहित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। आयोजित चौपाल में पहुंचे लोगों ने बतलाया कि हमें नगर पालिका में शामिल तो कर लिया गया है लेकिन जो सुविधायें नगरीय निकाय की ओर से मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही हैं। जैस कि वार्ड में नाली नहीं है, साफ-सफाई की कोई व्यवस्था न होने के चलते जगह-जगह कचड़ा फैला हुआ है। साथ ही जनकपुर में हर वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के उत्सव पर एक विशाल मेला भी लगता है जो दो दिनों के बाद प्रारंभ होने वाला है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई भी तैयारियां शुरू नहीं की गईं हैं।



### प्रशासन ने यदि समस्यायें नहीं की निराकृत तो होगा आंदोलन-

नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमने प्रत्येक वार्डों में चौपाल लगाने का निर्णय लिया है जिसकी शुरूआत यहां से की जा रही है। सभी वार्डों में चौपाल का कार्यक्रम होने के बाद आईं समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन एवं नगरीय प्रशासन को मांग पत्र सौंपा जायेगा। यदि उसका समय रहते निराकरण नहीं किया गया तो नगर कांग्रेस कमेटी एक जन आंदोलन करेगी और प्रशासन को मजबूर कर देगी।

### इनकी रही उपस्थिति-

जन चौपाल के दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवजीत सिंह, पुरूषोत्तम जडिया, शशिकांत दीक्षित, रमा बुंदेला, मार्तण्ड देव बुंदेला, कदीर खान, राजबहादुर पटेल, अंकित शर्मा, भोले कुशवाहा, किशन शिवहरे, लखन केवट, चांदनी जाटव, रहीमा खातनू, विमला सिंगरौल, पिंकू सिद्दकी, अरविन्द सोनी, अंजुल चौहान, आमिर खान, राजाबाबू पटेल, नसीम खान, नदीम खान, मुकेश दुबे, कुलदीप यादव, उमाकांत दीक्षित, बृजेन्द्र दुबे, बृजेश वाजपेयी, गुपली अहिरवार, फूल सिंह पटेल व मोहित मिश्रा सहित बडी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अशिक्षित महिला को धोखे में रखकर तीन एकड़ जमीन का फ़र्जी विक्रय पत्र कराया, पीड़िता ने एसपी से की शिकायत

छतरपुर। राजनगर तहसील के ग्राम बरद्वाहा निवासी अनीता पाल पत्नी दशरथ पाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर कुछ जालसाजों द्वारा धोखाधड़ी कर उसकी करोड़ों की जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम लखेरी स्थित उसकी भूमि में से केवल 0.171 हेक्टेयर जमीन का 8 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। इसी अनुबंध के तहत बीते 22 जून 2026 को पीड़िता उपपंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने पहुंची थी। आरोप है कि सेवाप्रदाता चतुरेश पटेल (निवासी नहदौरा) और खरीदार नरेन्द्र पटेल (निवासी खरौही) ने एक राय होकर महिला के अशिक्षित होने का अनुचित लाभ उठाया। आरोपियों ने साजिश रचकर और बिना किसी प्रतिफल राशि का भुगतान किए धोखे से 0.171 हेक्टेयर के स्थान पर लगभग तीन एकड़ कीमती भूमि का कूटरचित विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया। इस फर्जीवाड़े की जानकारी पीड़िता के पति को 2 जुलाई को लखेरी गांव जाने पर लगी, जिसके बाद उन्होंने राजस्व न्यायालय में आपत्ति दर्ज कराई। पीड़िता ने एसपी से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### जमीन विवाद में भाई समेत परिवार पर जानलेवा हमले का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसमा में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर जानलेवा हमले का आरोप लगा है। घायल पक्ष ने आरोप लगाया कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे खेत पर काम के दौरान 5 से 7 लोगों ने कुल्हाड़ी, फरसा और बंदूक लेकर हमला कर दिया। घटना में प्यारेलाल रैकवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी और तीन बच्चों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित प्यारेलाल रैकवार (40), उनकी पत्नी शांति रैकवार (36) तथा पुत्र अनिल (20), प्रेमचंद (18) और ब्रजेश (15) के अनुसार, हमले में रमेश रैकवार, जगराम रैकवार, प्रकाश रैकवार, दयाराम रैकवार, संतोष रैकवार और रोहित रैकवार सहित अन्य लोगों ने उन पर हमला किया। आरोप है कि कुल्हाड़ी के वार से प्यारेलाल के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पत्नी और बच्चों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को महाराजपुर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने प्यारेलाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां ट्रॉमा वार्ड में उनका उपचार जारी है। परिजनों का कहना है कि बड़े भाइयों के साथ पिछले 15 दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते यह हमला किया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद महाराजपुर थाना पुलिस द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। इसी कारण उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जाएगी और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण

छतरपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने ई.व्ही.एम. मशीनों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग को चेक किया।

बारिश में बाधित न हो आवागमन, कलेक्टर ने तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# काम में सुस्ती पड़ी भारी, कलेक्टर ने 3 तहसीलदार समेत 8 अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एडीएम विनय द्विवेदी, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ एवं निकायों के सीएमओ उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण कर ग्रेडिंग सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायतों में जनपद सीईओ छतरपुर एवं गौरिहार की समग्र आईडी की शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से निजी विद्यालयों की बसों के सघन चेकिंग अभियान चलाकर सुरक्षा, फिटनेश आदि मानकों की जांच करें। उन्होंने अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों के निराकरण के लिए जनपदों के सीईओ एवं निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने केन बेतवा लिंक नहर अंतर्गत भूमि अधिग्रहण हेतु शेष गांवों की धारा-21 के प्रकाशन की कार्यवाही करने एवं कृषि अधिकारी को किसानों के सॉइल हेल्थ कार्ड बनाए जाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने हिट एंड रन के प्रकरणों के निराकरण के लिए एसडीएम को पुलिस विभाग के समन्वय से प्रकरण में राशि स्वीकृत कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने ईई



पीआईयू को मेडीकल कॉलेज के कार्य में फर्नीचर टेंडर प्रक्रिया में देरी को लेकर नाराजगी जताई। नीति आयोग के डीएमएफ से किए जा रहे कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मशरूम एवं स्ट्रॉबेरी प्रोजेक्ट के कार्य के लिए उद्यानिकी अधिकारी को निर्देशित किया एवं छतरपुर ऑडिटोरियम, हनी कल्टीवेशन, छतरपुर स्पोर्टस कॉम्पलेक्स एवं पोल्ट्री के कार्यों की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने सभी निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि ऐसे वार्ड जहां सड़क, नाली एवं पानी की व्यवस्था नहीं है, उस पर आवश्यक कार्यवाही करें एवं बेसमेंट में निर्माण को लेकर अनुमति प्रदान न करें, निर्माण करने वालों पर सख्ती से पेनल्टी लगाएं। बारिश के मौसम के दृष्टिगत सभी स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त हों, उन्होंने राजस्व अधिकारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सख्ती से अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही डॉक्टरों एवं स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र पर लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न बने। एसडीएम को सीएमएचओ के साथ प्राइवेट अस्पतालों व क्लीनिकों पर सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों के नाम दर्ज होने संबंधी शिकायतों की जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बारिश के दृष्टिगत निर्माण विभागों को सड़कों, पुल पुलियों आदि के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में अति वर्षा के पूर्व आवश्यक कार्यवाही एवं तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश के डूब क्षेत्र वाले स्थानों बड़ामलहरा, बिजावर एवं बक्सवाहा में पूर्व तैयारियां मुनादी कराने, प्रभावितों के लिए ठहरने आश्रय स्थल, मेडिकल आदि अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बारिश के दृष्टिगत जिले में जर्जर स्कूल व आंगनवाडी भवनों के पहले से ही चिन्हांकन करलें और बारिश के पूर्व उनके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करें। जिले में कैम्प लगाकर ब्लड डोनेशन ड्राईव चलाने के भी कलेक्टर ने निर्देश दिए, जिसके लिए सभी एसडीएम को बीएमओ के सहयोग से जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सहयोग से डोनेशन ड्राईव चलाने के लिए कहा। साथ ही निर्देश दिए कि कैम्पों में टीबी मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण करें।

कलेक्टर ने सोमवार की टीएल बैठक में लोक सेवा गारंटी में समय सीमा से बाहर होने वाले प्रकरणों में पेनल्टी अधिरोपित की। जिसमें नायब तहसीलदार पठा पर 1000 रुपए, नायब तहसीलदार ज्यौराहा, तहसीलदार राजनगर, छतरपुर व गौरिहार पर 500-500 रुपए, साथ ही पठापुर, गौरैया एवं खंडवन पंचायत सचिव पर 500-500 रुपए की पेनल्टी अधिरोपित की।

## तेज रफ्तार गिट्टी से भरे ट्रैक्टर ने यात्री बस को मारी टक्कर, आधा दर्जन यात्री घायल

छतरपुर। जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरद्वार गांव के पास एक तेज रफ्तार गिट्टी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने यात्री बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बस का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से आ रही थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस से टकरा गई।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की जल्द पहचान कर उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़, जांच के लिए लंबी कतारों में परेशान रहे लोग**

## एक जांच काउंटर से बिगड़ी जिला अस्पताल की व्यवस्था गर्भवती महिलाओं को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

छतरपुर।

जिला अस्पताल में सोमवार को मरीजों की अधिक संख्या पहुंचने से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा गईं। अस्पताल परिसर में सुबह से ही जांच कराने वाले मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ी, जिन्हें एकमात्र जांच काउंटर पर घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल में जांच के लिए केवल एक काउंटर संचालित होने के कारण भीड़ लगातार बढ़ती रही। लंबी कतारों में खड़े रहने से बुजुर्ग, महिलाएं और गर्भवती मरीजों को काफी



असुविधा का सामना करना पड़ा। कई लोगों ने बताया कि सुबह अस्पताल पहुंचने के बाद भी जांच प्रक्रिया पूरी होने में काफी समय लग गया। अस्पताल में मौजूद लोगों का आरोप है कि बढ़ती भीड़ के बावजूद व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों या जांच काउंटर की व्यवस्था नहीं की गई। इससे मरीजों में नाराजगी देखने को मिली। उनका कहना है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में जांच काउंटरों की संख्या बढ़ाना आवश्यक है।

गर्भवती महिलाओं ने मांग की है कि अस्पताल प्रशासन जांच काउंटरों की संख्या बढ़ाए और भीड़भाड़ वाले दिनों में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करे, ताकि मरीजों को समय पर जांच सुविधा मिल सके और अनावश्यक इंतजार से राहत मिले। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में मरीजों की परेशानी और बढ़ सकती है।

## प्रेम विवाह के बाद नवदंपति ने एसपी से मांगी सुरक्षा, परिजनों पर जान से मारने की धमकी का आरोप

छतरपुर। प्रेम विवाह करने वाले एक नवदंपति ने अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा। दंपति का आरोप है कि विवाह से नाराज परिजन उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं तथा गाली-गलौज कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

आवेदन के अनुसार, वार्ड क्रमांक 33 सटई रोड स्थित लक्ष्मण कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय नरेंद्र साहू और रोशिता उर्फ सविता कुशवाहा ने अपनी मर्जी से पहले महावीर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया तथा बाद में कोर्ट मैरिज भी कर ली। दोनों का कहना है कि वे बालिग हैं




और अपनी स्वेच्छा से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे हैं।

दंपति ने आरोप लगाया कि युवती के माता-पिता, भाई और अन्य परिजन इस विवाह से नाराज हैं तथा लगातार धमकियां दे रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन से यह भी अनुरोध किया है कि यदि भविष्य में उनके विरुद्ध कोई शिकायत दर्ज कराई जाती है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर ही कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बारात में पटाखा जलाने से 7 वर्षीय बच्ची झुलसी, जिला अस्पताल में उपचार जारी

छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र के कदवा गांव में बारात के दौरान मिला एक पटाखा जलाने से 7 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। घायल बच्ची की पहचान आरुशी अहिरवार, पिता ढीकम अहिरवार के रूप में हुई है। घटना रविवार सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल बाइक से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बर्न वार्ड में उसका उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार, गांव में आई एक बारात के दौरान कुछ पटाखे बिना फूटे रह गए थे। सोमवार सुबह आरुशी को उनमें से एक पटाखा मिल गया। बच्ची ने उसे घर पर जलाने का प्रयास किया, तभी पटाखा अचानक तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में उसके हाथ और पैर बुरी तरह झुलस गए। बच्ची के पिता ढीकम अहिरवार ने बताया कि बारात में छोड़े गए बिना फूटे पटाखे को उनकी बेटी घर ले आई थी। उसे जलाते ही पटाखा ब्लास्ट हो गया और वह गंभीर रूप से



घायल हो गई। फिलहाल जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।



## भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा 16 जुलाई से, समिति ने साझा की 9 दिवसीय महोत्सव की रूपरेखा

छतरपुर। श्री श्री 1008 श्री जगन्नाथ स्वामी जू मंदिर नवनिर्माण समिति एवं रथयात्रा समिति द्वारा सोमवार की शाम एक पत्रकारवार्ता का आयोजन कर आगामी भव्य रथयात्रा महोत्सव की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जगन्नाथ यात्रा समिति के सचिव संतोष ताम्रकार ने बताया कि गुरुवार 16 जुलाई 2026 को सायं 05 बजे से 351 वर्ष प्राचीन सनातन कालीन श्री जगन्नाथ मंदिर तमराही मुहल्ला, स्वामी जू मार्ग से वैदिक पूजा-अर्चना के बाद भव्य रथयात्रा प्रस्थान करेगी। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुरानी तहसील स्थित पहुंचेगी, जहां 17 से 19 जुलाई तक भगवान विश्राम करेंगे और इस दौरान सुंदरकांड, धार्मिक नृत्य व भव्य खाटूश्याम भजन संध्या जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 20 जुलाई को जानकी जी की सवारी पालकी के साथ भगवान को लिवाने जाएगी, जिसके बाद रथ यात्रा गोवर्धन टाकीज केंड्या जी मंदिर में दो दिवस विश्राम कर 22 जुलाई को अपने अंतिम पड़ाव के लिए वापस मुख्य मंदिर रवाना होगी। इस 9 दिवसीय धार्मिक महोत्सव का समापन 23 और 24 जुलाई को अखंड रामचरितमानस पाठ, हवन, शांति, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस भव्य आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

## तीन मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



छतरपुर। युवा कांग्रेस मध्य प्रदेश के प्रदेश महासचिव मोहम्मद अली भारतीय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर जिले के तीन अलग-अलग मामलों में शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बक्सवाहा थाना क्षेत्र के नैनागिरी जैन तीर्थ में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा, सटई थाना क्षेत्र के नंदगांव बट्टयन में महिला पर हुए कुल्हाड़ी हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी तथा बमीठा थाना क्षेत्र के गंगवाहा गांव से लापता नाबालिग बालिका की शीघ्र बरामदगी की मांग की गई।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मोहम्मद अली भारतीय ने बताया कि नैनागिरी धार्मिक तीर्थ क्षेत्र में लगातार पांचवीं बार चोरी की घटना होने के बावजूद पुलिस अब तक आरोपियों का पता नहीं लगा सकी है। वहीं, नंदगांव बट्टयन में महिला पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार भय के माहौल में जी रहा है। इसके अलावा गंगवाहा गांव से लापता नाबालिग बालिका के मामले में भी आरोपी की गिरफ्तारी और बालिका की बरामदगी नहीं होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए।

हमले में घायल नन्नीबाई ने आरोप लगाया कि भूरा ने कुल्हाड़ी से हमला किया, जबकि बब्बू ने कुल्हाड़ी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि पप्पू, पुन्ना, शंकर और भूरा सहित चार लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उनके अनुसार यह विवाद जमीन को लेकर है, जिसमें न्यायालय का फैसला उनके पक्ष में आने के बावजूद आरोपी लगातार विवाद और हमला कर रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की।

## पत्नी ने प्रेमी संग रची पति की हत्या की साजिश, 3 आरोपी गिरफ्तार



छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र स्थित अमरोनिया जंगल में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी, उसके कथित प्रेमी और एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक मनीराम रैकवार की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से कराई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, तौलिया, पेचकस, मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई को सिगरामपुरा निवासी मनीराम रैकवार की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद तलाश अभियान चलाया गया। इसी दौरान अमरोनिया जंगल के बगाई नाला से उसका शव बरामद हुआ। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर जब पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की, तो पता चला कि मृतक की पत्नी शिवानी रैकवार का पिछले करीब एक वर्ष से अखलेश पटेल के साथ प्रेम संबंध था। बताया गया कि अखलेश ने शादी से लगभग दो माह पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से शिवानी के पति मृतक मनीराम से दोस्ती की थी, जबकि मनीराम और शिवानी का विवाह करीब दो माह पहले ही हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि शिवानी ने अपने कथित प्रेमी अखलेश पटेल और उसके साथी भरत यादव के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि मनीराम घर से आटा पिसवाने निकला था जिसे पत्नि का कथित प्रेमी अखलेश पटेल उसे पार्टी के नाम पर अमरौनिया के जंगल ले गया जहां अखलेश ने अपने दोस्त भरत यादव के साथ मिलकर मनीराम रैकवार की हत्या कर दी और शव को पत्थरों से छिपा दिया था। परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज किए जाने के बाद पुलिस हरकत में आयी और मनीराम का शव जंगल में मिला था। सटई थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने बताया कि आरोपियों ने पहले मनीराम का गला घोंटकर हत्या की इसके बाद गले में पेंचकस से भी वार किए गए ताकि युवक किसी भी प्रकार से जिंदा न बच सके। उन्होंने बताया कि आरोपी ने खुलासा किया कि मृतक मनीराम और उसकी पत्नि मजदूरी करने दिल्ली जा रहे हैं। जिससे आरोपी कथित प्रेमी को यह बात नागंवार गुजरी और उसने अपनी कथित प्रेमिका से कहा कि अगर वह दिल्ली चली गई तो वह भी उसके बिना रह नहीं पाएगा। पुलिस ने तीनों आरोपियों—शिवानी रैकवार, अखलेश पटेल और भरत यादव—को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि जब प्रेमिका शिवानी ने अपने कथित प्रेमी अखलेश से दिल्ली जाने की बात कही तो प्रेमी गुस्सा हो गया और उसने शिवानी के पति मनीराम को रास्ते से हटाने का मन बना लिया। जिस पर शिवानी ने भी प्रेमी से कहा कि तुम्हे जैसा अच्छा लगे वैसा करो। और कथित प्रेमी अखलेश ने अपने दोस्त के साथ मिलकर मनीराम की हत्या कर दी।

## छतरपुर में स्कूल जा रही 12 वर्षीय छात्रा के कथित अपहरण का प्रयास विफल, शोर मचाने पर भागे नकाबपोश बदमाश



छतरपुर।

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह स्कूल जा रही 12 वर्षीय छात्रा के कथित अपहरण के प्रयास से इलाके में सनसनी फैल गई। सारानी दरवाजा के समीप शासकीय स्कूल जा रही छात्रा को चारपहिया वाहन में सवार नकाबपोश युवकों ने कथित तौर पर खाने-पीने की सामग्री देने का लालच देकर अपने साथ ले जाने की कोशिश की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब आरोपियों ने छात्रा को जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया तो उसने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। छात्रा की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों को अपनी ओर आता देख आरोपी छात्रा को छोड़कर वाहन सहित मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस और सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्रा को सुरक्षित संरक्षण में लेकर सिटी कोतवाली थाना पहुंचाया। थाना प्रभारी ने महिला सुरक्षा बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल छात्रा सुरक्षित है और पुलिस सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

# बीहर नदी के ग्रीन बेल्ट पर अनाधिकृत रूप से जारी है निर्माण, एमआईसी सदस्य कलेक्टर को सौंप चुके हैं ज्ञापन

## नही होती कार्रवाईतत्कालीन एसडीएम ने कराया था सर्वे, 40 एकड़ में पाया गया था अवैध निर्माण

रीवा।

बरसात के दिनों में बीहर नदी में जलभराव की वजह से शहर के कई हिस्सों में बाढ़ की समस्या निर्मित होती है। इसकी प्रमुख वजह नदी के किनारे होने वाले अवैध निर्माण को माना जाता है। इन दिनों फिर से तेजी के साथ कई निर्माण चल रहे हैं। इसकी जानकारी प्रशासन को भी है लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही जिसकी वजह से नदी के दोनों हिस्सों में कब्जा तेजी से किया जा रहा है। बीहर नदी के ग्रीन बेल्ट पर निर्माण का यह सिलसिला बीते कई वर्षों से चल रहा है। बरसात के दिनों में पानी का बहाव ठीक से नहीं होनें की वजह से वह शहर में भरता है। पूर्व में जब बाढ़ आई तो कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने सर्वे कर शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण को मिलाकर करीब 40 एकड़ हिस्से में बीहर किनारे अवैध निर्माण पाया था। इस रिपोर्ट पर अब तक कोई कार्यवही नही हुई। बताया जा रहा है कि शहर के कई रसूकदार लोगों ने कब्जा जमा रखा है। किसी ने आवासीय कालोनी तो किसर ने व्यावसायिक भवन बनाए है। कई लोगों के फार्म हाउस भी बने हुए है, आवासीय कालोनी बना ली तो किसी इस पर कार्रवाई से प्रशासन अपने ने व्यवसायिक भवन बनाए हैं। कई कदम पीछे खींच रहा है। जिसके चलते लगातार सवाल भी उठ रहे हैं। नगर निगम अपने क्षेत्र में भी कारवाई नहीं कर पा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम को कार्रवाई करना है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से अवैध निर्माण बढ़ता जा रहा है।





### अब तक नहीं हुई एफआईआर

कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने बिहर नदी के किनारे अवैध निर्माण के चलते कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिसमें नदी किनारे भूमि का चिन्हांकन और कब्जा धारियों पर कार्रवाई के निर्देश शामिल हैं। कलेक्टर ने शांति दिला आवासीय कॉलोनी के संचालक और शाही रिवव्यू के संचालक के विरूद्ध एफआईआर करने का निर्देश दिया था। इस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। वही एसडीएम अनुराग तिवारी का कहना है कि कलेक्टर के इस आदेश पर कमिश्नरी से स्थगन मिल गया है. जिसके चलते प्रक्रिया रुकी हुई है।बॉक्स

### ग्रीन बेल्ट में विवाह घर का निर्माण

बीहर नदी किनारे अवैध निर्माण को लेकर महापौर ने एक पत्र निगम आयुक्त को लिखा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला की और से आवेदन दिया गया है कि वार्ड छह में नदी किनारे करही में विवाह का निर्माण कराया जा रहा है। एनजीटी के नियमों के विपरीत किए जा रहे। इस कार्य को रोकने के लिए आयुक्त से कहा है साथ ही कहा है कि नदी के ग्रीन बेल्ट कोने के लिए दो कदम भी उठाए जाएं।

### एमआईसी मेंबर सौंप चुके हैं ज्ञापन

गौरतलब है कि मेयर इन काउंसिल के निर्माण प्रभारी धनेन्द्र सिंह बघेल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुके है। जिसमें कहा है कि बाहर नदी के किनारे 50 मीटर का ग्रीन बेल्ट निर्धारित है। इसके दोनों हिस्सों में अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसके पहले भी कॉलोनी एवं अन्य निर्माण हो चुके है, जिससे पानी का बहाव रुकता है। इन दिनों फिर निर्माण तेजी से चल रहा है। नदी किनारे आलीशान विवाह घर और कॉटेज बनाए जा रहे है।

# कोषालय में आईएफएमआईएस पोर्टल के लिए लगेगा दो दिवसीय शिविर

**रीवा** । वित्त कोष एवं लेखा विभाग में समस्त कार्य आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। पोर्टल के नवीन प्रावधानों की जानकारी देने तथा इसके संचालन में आ रही कठिनाईयों को दूर करने के लिए जिला कोषालय रीवा में 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय आईएफएमआईएस केयर शिविर लगाया जा रहा है। जिला कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र शुक्ला ने इस संबंध में बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा पोर्टल के संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। सभी आहरण संवितरण अधिकारी अपने लेखापाल के साथ शिविर में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं।

# लंबित प्रकरणों का निराकरण करके दो दिन में 80 वेटेज स्कोर प्राप्त करें अधिकारी 15 जुलाई तक विभाग की ए ग्रेडिंग प्राप्त करें

**रीवा** । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। श्री गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी संतुष्टिपूर्वक सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराकर विभाग की रैंकिंग सुधारें। लंबित प्रकरणों का दो दिन में निराकरण कराकर सभी अधिकारी कम से कम 80 वेटेज स्कोर प्राप्त करें। वन विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग तथा नगरीय निकायों में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। सभी एसडीएम विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, श्रम विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के आवेदनों का निराकरण कराएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जून माह के आवेदनों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का निराकरण कराकर 15 जुलाई तक विभाग को ए ग्रेडिंग तक पहुंचाएं। जनसुनवाई में प्राप्त 5158 आवेदन पत्रों में से अभी केवल 896 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष आवेदन पत्रों का भी दो दिवस में निराकरण करके पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज कराएं। समय सीमा का पालन न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी ई आफिस के माध्यम से ही फाइलें भेजें और पत्राचार करें। जनसुनवाई के आवेदन भी ई आफिस से ही भेजे जा रहे हैं। समाधान एक दिन तथा टीएल के पत्रों का भी निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी



पुष्पेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जिला कोषालय में 16 और 17 जुलाई को शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में आईएफएमआईएस पोर्टल के संबंध में कठिनाईयों का निराकरण किया जाएगा। सभी आहरण संवितरण अधिकारी और लेखापाल इससे लाभ उठाएं। बैठक में खाद और बीज के वितरण, नरवाई प्रबंधन, वर्षाजनित रोगों से बचाव के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सीएमओ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# जिला अभियोजन अधिकारी 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## रीवा लोकायुक्त की 15 सदस्यीय टीम की कार्रवाई

रीवा

भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रीवा लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को सीधी जिला न्यायालय परिसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला अभियोजन अधिकारी (डीपीओ) राजकुमार रावत को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया और काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही। लोकायुक्त की टीम ने आरोपी अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।लोकायुक्त पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता पंकज तिवारी ने रीवा लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके विरुद्ध भूमि विक्रय से जुड़े एक मामले में मझौली थाने में शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज किए जाने के संबंध में पुलिस द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी से विधिक अभिमत मांगा गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि जिला अभियोजन



अधिकारी राजकुमार रावत ने एफआईआर के संबंध में प्रतिकूल अभिमत नहीं देने के एवज में 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायत के अनुसार आरोपी अधिकारी पहले ही 8 हजार रुपये ले चुका था तथा शेष 10 हजार रुपये देने के लिए शिकायतकर्ता पर लगातार दबाव बना रहा था। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त रीवा ने पूरे मामले की योजना तैयार की। इसके बाद निरीक्षक एस.आर. मरावी के नेतृत्व में लगभग 15 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत शिकायतकर्ता को रासायनिक पाउडर लगे नोट उपलब्ध कराए गए और जैसे ही आरोपी अधिकारी ने 10 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त निरीक्षक एस.आर. मरावी ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद ट्रैप कार्रवाई की गई। आरोपी अधिकारी को रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# गोविंदगढ़ तालाब में मिला हाथ कटा अज्ञात शव मगरमच्छ के हमले की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

रीवा।

जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक गोविंदगढ़ तालाब में सोमवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव का एक हाथ गायब होने के कारण घटना को लेकर कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। प्रारंभिक तौर पर स्थानीय लोगों द्वारा मगरमच्छ के हमले की संभावना जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के बाद ही हो सकेगा। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह तालाब में मछली पकड़ने पहुंचे स्थानीय मछुआरों एवं अन्य लोगों की नजर पानी में तैर रहे एक शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल इसकी सूचना गोविंदगढ़ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटनास्थल के समीप कुछ कपड़े भी मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतक संभवतः तालाब में स्नान करने या किसी अन्य कारण से पानी में उतरा होगा। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। क्योंकि गोविंदगढ़ तालाब में पूर्व में भी मगरमच्छों की मौजूदगी को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में किसी भी संभावना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों को लेकर फिलहाल कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि व्यक्ति की मौत डूबने से हुई, किसी जलीय जीव के हमले से या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वही शव की पहचान के लिए आसपास के थानों सहित गुमशुदगी के रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है ताकि घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सके।

### 25-26 को कारगिल विजय दिवस समारोह मनाने हुई तैयारी बैठक

**रीवा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की विशेष तैयारी बैठक जिला सैनिक विश्राम गृह मे आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय सचिव सार्जेंट रमेश पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे थे। बैठक में राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि आगामी 25 व 26 जुलाई की प्रतिनिधि सभा एवं राष्ट्रीय पर्व कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,पालक अधिकारी और उत्तर और मध्य क्षेत्र के संगठन सचिव के अलावा सभी चारो प्रांतों के प्रतिनिधि 24 जुलाई के दोपहर से आना प्रारंभ हो रहा है। जो 25 की सुबह 8 बजे तक सभी पहुंच जाएंगे। कार्यक्रम को सुचारू रूप से व्यवस्थित संपन्न होने के लिए जिला पदाधिकारियों की समितियां गठित कर दी गई है जैसे आवास, भोजन,वाहन, स्वागत कक्ष, बैठक मंच आदि की। बैठक में जो संगठन में कार्यरत सक्रिय हैं और तीनों युद्ध में भाग लिया है उम्र 85 वर्ष के ऊपर है तो उनको भी सम्मानित किया जाएगा। पर्यावरण के दिशा में कार्य करते हुए एक पेड़ शहीदों के नाम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रीवा के परिसर में सभी प्रतिनिधियों के द्वारा 26 जुलाई को सुबह लगाए जाएंगे। कारगिल युद्ध के अलावा अन्य युद्धों और आतंकवादी घटनाओं में जिले के वीर सपूतों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है उनकी वीर- नारियों और वीर माता- पिता का भी सम्मान किया जाएगा। हमारे पूर्व सैनिक सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर उत्कृष्ट सेवा कर रहे हैं । उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। गणमान्य नागरिक जो समाज सेवा में समर्पित है उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कैप्टन संत राज सिंह,एस के शुक्ल, जे के तिवारी, सुबेदार मेजर मान सिंह,आर एन सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, संतोष तिवारी, सुबेदार अनुज प्रताप सिंह, नरेन्द्र त्रिपाठी,पीओ गोपीनाथ पटेल, मोहन सिंह यादव, इंस्पेक्टर वीर बहादुर सिंह, सार्जेंट ए पी त्रिपाठी, रामायण पाण्डेय,नायब सुबेदार संतोष मिश्रा,दिलीप पांडेय,जी एल शर्मा, रवीन्द्र द्विवेदी,हवलदार देवराज पटेल, निखिल मिश्रा,राम सुमिरन विश्वकर्मा,एम पी मिश्रा,एस पी शुक्ला नायक नन्द लाल सेन, शिवा जायसवाल एवं अन्य इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# सेमरिया पुलिस की बड़ी सफलताः 24 घंटे के भीतर चोरी गया पिकअप वाहन बरामद



**रीवा।** सेमरिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुए टाटा कंपनी के छोटा हाथी पिकअप वाहन को महज 24 घंटे के भीतर बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन मालिक को राहत मिली है।पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. गुरकरण सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी रूपेंद्र धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार, फरियादी ने थाना सेमरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका टाटा कंपनी का छोटा हाथी पिकअप (क्रमांक MP19L1848) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। शिकायत पर थाना सेमरिया में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार की गई तलाश के आधार पर पुलिस ने ग्राम पुर्वा बसामन मामा के पास से चोरी गया पिकअप वाहन बरामद कर लिया। बरामद वाहन की अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये बताई गई है।सराहनीय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मीःथाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, एसआई ललन सिंह नेताम, एएसआई रामशिरोमणि सिंह बघेल, एएसआई गिरजा प्रसाद पाण्डेय, प्रधान आरक्षक हफ़िज़ुर्रहमान, प्रधान आरक्षक प्रमोद अग्निहोत्री, आरक्षक प्रबल त्रिपाठी एवं आरक्षक जीतेन्द्र बागरी।

# मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव के 70वें जन्मदिन पर इस वर्ष 70 सैनिकों का होगा सम्मान



**रीवा।** 70 वर्ष के अपने जीवन में 53 वर्ष समूचे समाज की सेवा में समर्पित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी, मीसाबंदी, विचारक एवं साहित्यकार सुभाष श्रीवास्तव के 70वें जन्मदिन पर इस वर्ष 70 सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा,भारत माँ की रक्षा के लिए सर्वश्व समर्पित करने वाले वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु आहुत सैनिक सम्मान समारोह में तीनों सेनाओं थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना में सेवाएं देने वाले जाबाजो, भूतपूर्व सैनिकों एवं वीरगति को प्राप्त सैनिकों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा! आगामी 29 जुलाई 2026 को स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से आयोजित ये कार्यक्रम शहर के सर्व सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित होगा।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**रीवा।** भारत सरकार, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), उप क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता की आवश्यकता तथा स्वच्छ वातावरण के सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपने घर, महाविद्यालय, कार्यस्थल एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।इसके उपरांत उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने स्वच्छता बनाए रखने, स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता से संबंधित आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के मध्य पुरस्कार वितरण एवं स्वच्छ भारत के संकल्प को दोहराने के साथ हुआ।

# नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" के तहत छः दिवसीय नर्सिंग क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ





सिंगरौली

एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) में सीएसआर पहल "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" के अंतर्गत नर्सिंग क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा एनसीएल में कार्यरत चिकित्सकों को 2-डी इको कार्डियोग्राफ़ी और मेट्रोन, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को रोगी की मूलभूत देखभाल, आराम एवं पोषण, हृदय मॉनिटरिंग एवं उपकरण संचालन, वेंटीलेशन केयर, ऑक्सीजन फ्लो मीटर का संचालन एवं देखभाल, इन्फ्यूजन पंप का संचालन एवं देखभाल, सीपीआर व बेसिक लाइफ सपोर्ट की बारीकियों से संबन्धित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे एवं अपने उद्बोधन में उन्होने सिंगरौली परिक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नेहरू शताब्दी चिकित्सालय की क्रिटिकल केयर (आपातकालीन देखभाल) क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ करेगा, जिससे एनसीएल कर्मियों सहित सिंगरौली परिक्षेत्र में परिधीय समुदाय को उत्कृष्ट व उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने टीम एनएससी के समर्पण और सेवा-भाव की भी सराहना की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा सेवाएं (एनएससी), डॉ. विवेक खरे, सीएमएस (प्रभारी), डॉ. मंजरी मेहता, महाप्रबन्धक (सीएसआर), राजीव रंजन, विभागाध्यक्ष (नेत्र विभाग), डॉ. देवी दास तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी, सत्य साई संजीवनी अस्पताल से सौम्या जंध्याला, डॉक्टर यामिनी बाथम, गिरिजा शंकर सातम, सरोजिनी मंजूनाथ, नंद उदय कुलकर्णी एवं गौरव दत्त उपस्थित रहे। गौरतलब है कि अभी तक "नन्हा-सा-दिल-एनसीएल" सीएसआर पहल के तहत सिंगरौली एवं सोनभद्र क्षेत्र के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ति 38 हजार बच्चों की हृदय जांच तथा 251 बच्चों की निः शुल्क जीवन रक्षक सर्जरी की जा चुकी है।

### नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में अत्याधुनिक नेत्र जांच मशीनों का हुआ लोकार्पण

इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में एबी-स्कैन मशीन एवं यूवएम मशीन का भी उद्घाटन किया।यूबीएम स्कैन मशीन के माध्यम से आंख में प्रत्यारोपित किए जाने वाले कृत्रिम लेंस (IOL) की पावर का बिल्कुल सटीक कैलकुलेशन किया जा सकेगा, जिस से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों की चश्मे पर निर्भरता कम हो जाएगी और वे 'स्पेक्टेकल-फ्री विज़न' यानी बिना चश्मे के साफ और बेहतर दृष्टि का लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, नई एबी-स्कैन मशीन के माध्यम से आंख के पिछले हिस्से, विशेषकर रेटिना और ऑप्टिक नर्व से जुड़ी गंभीर व जटिल बीमारियों की शुरुआती दौर में ही पहचान संभव हो पाएगी एवं आंखों की गंभीर बीमारियों के मामले में समय पर सटीक डायग्नोसिस होने से मरीजों को सही वक्त पर सही इलाज मिलेगा।

# जिला अस्पताल में शुरू हुई याग लेजर एवं फेको मशीन सुविधा, कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**मऊगंज।** जिला अस्पताल में नेत्र रोगियों को अब अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। जिला अस्पताल में लगभग 28 लाख रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक याग लेजर मशीन, फेको मशीन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का शुभारंभ कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि पूरी तन्मयता, संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ मरीजों का उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वयं भी अपनी आंखों का परीक्षण कराया तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मण पटेल ने बताया कि याग लेजर मशीन का उपयोग मोतियाबिंद सर्जरी के कुछ माह अथवा वर्षों बाद आंख के पर्दे में उत्पन्न धुंधलेपन को बिना किसी चीरे के दूर करने में किया जाता है, जिससे मरीज को पुनः स्पष्ट दिखाई देने लगता है। उन्होंने बताया कि फेको मशीन मोतियाबिंद के आधुनिक ऑपरेशन में उपयोग की जाती है। यह मशीन अल्ट्रासोनिक तरंगों के माध्यम से आंख के धुंधले प्राकृतिक लेंस को छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर बाहर निकालती है तथा बिना टांके के नया लेंस प्रत्यारोपित करने में सहायक होती है। इससे मरीज को कम समय में सुरक्षित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध हो पाता है। डॉ. पटेल ने बताया कि जिला अस्पताल की नेत्र रोग ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 50 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इन आधुनिक मशीनों के स्थापित होने से अब मरीजों को उन्नत नेत्र चिकित्सा सेवाएं जिले में ही उपलब्ध हो सकेंगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का भी निरीक्षण किया तथा वहां बच्चों एवं माताओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों में आवश्यक उपकरणों एवं उपचार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. एस.डी. कोल, डॉ प्रद्युम्न शुक्ला, डॉ. लक्ष्मण पटेल सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# निजी बास मालिक की मनमानी, प्रतिदिन बढ़ा रहे किराया

**मऊगंज।** जिले में कई महीनो से कई निजी बस मालिकों का ट्रेवल्स हर गली मोहल्ले में खुल रहा है ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर यात्री रोजाना हो रहे ठगी का शिकार किसी भी ट्रैवल्स में पूर्व की ऑनलाइन बुकिंग देख ली जाए प्रतिदिन किराया बढ़ाकर बुकिंग करते हैं राज्य के अंदर और अंतरराज्यीय यात्रा के लिए ऐसे कई दर्जनों ट्रैवल्स खुले हैं जिसमे प्रतिदिन



ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से किराया बढ़ा देते हैं यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए मजबूरी के माध्यम से जबरदस्ती पैसे वसूले जा रहे हैं ट्रांसपोर्ट या आरटीओ जैसी कोई एजेंसी कभी भी मऊगंज में किसी भी बसो का निरीक्षण नहीं करने के कारण बस मालिक मनमानी तरीके से प्रतिदिन किराया बढ़ाये जा रहे है बस का रजिस्ट्रेशन परमिट की जांच कभी नही की जाती,और पक्का टिकट नहीं दिये जाते लेकिन मोबाइल में ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिला प्रशासन इस और ध्यान दें ताकि इस बेरोजगारी के दौर में उचित किराया लिया जा सके आए दिन रोजगार की तलाश में और बीमारी की स्थिति में कई लोग वेवस हो कर बस यात्रा करते हैं।